आनाकानी | आरटीआई में जानकारी देने से कतरा रहे अधिकारी!

स्वास्थ्य विभाग में वाहन टेंडर घोटाला

नवभारत, मझौली। जबलपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग में वर्ष 2015 से 2026 के बीच वाहनों के उपयोग और उनके भुगतान को लेकर एक बड़े वित्तीय भ्रष्टाचार की बू आ रही है। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर का जो पत्र सामने आया है, उसने पारदर्शिता पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार आवेदक इस मामले को लेकर राज्य सूचना आयोग, भोपाल में प्रथम अपील दायर करने की तैयारी में है। यदि 2015 से अब तक बिना टैंडर या निजी वाहनों का भुगतान सरकारी मद से हुआ है, तो यह सीधे तौर पर वित्तीय अनियमितता और गबन का मामला बनता है।

मझौली निवासी शिवम साहू ने 16 मार्च 2026 को एक आरटीआई आवेदन लगाकर जबलपुर जिले के 6 विकासखंडों (मझौली, सिहोरा, शहपुरा, पाटन, बरगी-कुंडम और पनागर) में वाहनों के टेंडर से संबंधित 10 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी।

आवेदक ने मुख्य रूप से सवाल पूछे थे कि क्या 2015 के बाद टेंडर अवधि समाप्त होने पर भी वाहनों का अवैध भुगतान किया गया? क्या अधिकारियों ने निजी (पर्सनल) वाहनों का उपयोग शासकीय कार्य में किया और उसका भुगतान सरकारी खजाने से लिया? 11 वर्षों से नया टेंडर जारी न करने के लिए कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं?

पारदर्शिता या जानकारी छिपाने की कोशिश?

हैरानी की बात यह है कि आवेदक ने केवल 'वाहन व्यवस्था और उसके भुगतान' से संबंधित जानकारी मांगी है, जो कि पूरी तरह से एक ही विषय (व्हीकल मैनेजमेंट) के अंतर्गत आता है। विभाग द्वारा इसे 'भिन्न-भिन्न विषय' बताकर टालना कई संदेह पैदा करता है।

सीएमएचओ कार्यालय का 'तकनीकी' बहाना

आवेदक द्वारा पूछे गए इन तीखे सवालों का जवाब देने के बजाय,सीएमएचओ कार्यालय ने दिनांक 26/03/2026 को पत्र क्रमांक 3511 के माध्यम से जानकारी देने से इनकार कर दिया। विभाग ने तर्क दिया है कि आवेदक ने एक ही आवेदन में भिन्न-भिन्न विषय और वृहत स्वरूप की जानकारी मांगी है, जबकि नियमानुसार एक आवेदन में एक ही विषय होना चाहिए।

महगवां-पौड़ी नदी के बीच एक रपटा को तरस रहे ग्रामवासी

▸ बेलखाडू होते हुए जबलपुर के लिए 7 किलोमीटर का लगा रहे घेरा

नवभारत,बेलखाडू। विकासखंड पनागर अंतर्गत ग्राम महगवां, पहाड़खेड़ा के निवासियों को कटंगी दमोह मुख्य मार्ग से जुड़ने के लिए वर्ष भर कशमकश करती है। ग्राम के लोग बताते हैं कि आजादी के बाद से आज भी महगवां से पौड़ी गांव होते हुए कटंगी मार्ग पर पहुंचने के लिए मात्र 3 किलोमीटर का सीधा रास्ता पड़ता है लेकिन बीच में पड़ने वाली परियट नदी आवागमन का सबसे बड़ा रोड़ा है जिस पर एक पुल या रपटा नहीं बन पाना।

जनसहयोग से नदी पर बनाया मिट्टी का रास्ता

महगवां के लोगों ने बताया कि उन्होंने जनसहयोग से पौड़ी गांव होते हुए शहर जाने के लिए मुख्य मार्ग से लोगों जोड़ने के लिए 3 किलोमीटर का रास्ता नदी पर पुलिया व मिट्टी डालकर उस पर चलने लायक बनाया। लेकिन यह वर्ष भर नहीं चल पाता क्योंकि बारिश के चार महीने तक नदी में पानी उफान पर आ जाने से यहां से आवागमन पूर्णत: ठप्प हो जाता है।

सात किलोमीटर का घेरा

बारिश के दिनों में महगवां से बघोंडा, बेलखाडू होते हुए मुख्य मार्ग पौड़ी पहुंचने तक गांव वालों को सात किलोमीटर आना और उतना ही वापिस जाना महंगा पड़ जाता है। जबकि वर्तमान में नदी पर वैकल्पिक कच्चा मार्ग मार्ग ग्राम के सरपंच के सहयोग से ग्रामीणों ने श्रमदान कर तैयार किया। जिससे वे सभी शहर जाने के लिए मुख्य पौड़ी मार्ग पर 3 किलोमीटर सफर तय कर जल्दी पहुंच जाते हैं।

वर्षों से एक रपटा की मांग अधूरी

आजादी के बाद से अब तक कोई भी ग्रामवासियों की पौड़ी नदी पर से आवागमन हेतु एक छोटे रपटा पुल बनाने की मांग पूरी नहीं कर पाया। ग्राम के सरपंच ममता कोल, श्रीराम तिवारी, गुड्डू पटेल, रामबहादुर, नरेंद्र, राकेश सहित अन्य ने जनप्रतिनिधियों से शीघ्र ध्यान देने की मांग की है।

वार्ड नंबर सात में हुई महिला कांग्रेस की बैठक

नवभारत,कटंगी। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष के संगठन मजबूती अभियान को दिशा देने के उद्देश्य से कटंगी नगर के वार्ड क्रमांक 7 में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्थानीय महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया।

जिसमें कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाने व संगठन को मजबूत करने की बात उद्बोधन दौरान रखी। इस बैठक में कटंगी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नेक नारायण सिंह ,नगर कांग्रेस अध्यक्ष पं सुरेंद्र शुक्ला, जिला कांग्रेस ग्रामीण उपाध्यक्ष जयंत जैन, जिला ग्रामीण सचिव आसिफ रमजान खान ,मंडल अध्यक्ष मनीष चौरसिया ,मन्नू हनीफ़ ख़ान ,पूर्व पार्षद जाहिर मंसूरी एवं वरिष्ठ कांग्रेस सलीम चाचा, महिला ब्लॉक अध्यक्ष रीना मिश्रा, ब्लॉक सचिव नगीना सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कटीले तार से लिपटे डंडे से तीन घायल

जबलपुर। कुंडम में शराब पीने के लिए रूपए न देने पर बदमाश ने तीन दोस्तों पर लोहे के कटीले तार से लिपटे डंडे से हमला कर घायल कर दिया । पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ललित पटेल (18) निवासी बघराजी का अपने 2 साथियों के साथ स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसई 7698 से खेलने के लिये महानीमन ग्राउण्ड बघराजी जा रहा था तभी रास्ते में शुभम उर्फ सत्येन्द्र नामदेव ने उसकी गाड़ी रोककर शराब पीने के लिये 200 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो सत्येन्द्र विवाद करने लगा । लोहे के कटीले तार से लिपटे डंडे से उस पर एवं उसके साथी आयुष, दीपांशु पर हमला कर तीनों को चोट पहुंचा दी।

108 कलश के साथ निकली भागवत कथा की शोभायात्रा

▸ प्रज्ञा बिहार कालोनी में आयोजन

नवभारत, सिहोरा। प्रज्ञा विहार कॉलोनी में जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री द्वारा आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की 108 कलश के साथ भव्य कलशयात्रा शोभायात्रा श्री शिव मंदिर बाबाताल से निकाली गई जिसमें भगवान शंकर पार्वती,राधा कृष्ण की झांकी के साथ महंत परम पूज्य स्वामी नृसिंह देवाचार्य जी महाराज रथ पर भक्तों को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। महिलाएं युवतियां पीले वस्त्र में 108 कलश धारण कर धार्मिक धुनों के बीच नृत्य करते हुए चल रहीं थी एंव युवा धर्म ध्वजा लेकर सबसे आगे चल रहे थे। नृसिंह देवाचार्य जी भागवत कथा के साथ प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे। आयोजन में नरसिंह मंदिर खितौला के महंत गोविंद दास जी महाराज,कटाव धाम मझौली के महंत वेदांती जी महाराज,सिद्धन धाम कुर्रे के महंत सीता शरण जू महाराज एवं भाटिया धाम भरभरा आश्रम के महंत बनवारी दास महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा। कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील आयोजक मंडल के श्रीमती देववती अग्निहोत्री शैलेंद्र अग्निहोत्री, पंकज अग्निहोत्री, सारांश अग्निहोत्री आदि ने की है। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

दो पक्ष भिड़े, पिता-पुत्र समेत तीन हुए घायल

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत बाबा टोला में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए पथराव कर दिया जिसमें पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक गौरव सतनामी 24 वर्ष निवासी बाबाटोला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लगभग 2-3 माह पहले किसी ने मोहल्ले के रघुनाथ चौधरी के लड़के की साईकिल की हवा निकाल दी थी जिसकी शंका वो उसके पिता सुरेश सतनामी पर करता है, बीती रात 8 बजे रघुनाथ चौधरी आकर विवाद कर हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा। रघुनाथ ने ईंट से हमलाकर उसे एवं उसके पिता को चोट पहुंचा दी। वहीं रघुनाथ चौधरी 36 वर्ष निवासी भोलानगर फकीरचंद अखाड़ा के पीछे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आटो चलाता है बीती रात बाबाटोला गया था। सुरेश सतनामी एवं उसके लड़के गौरव सतनामी, सौरव सतनामी ने विवाद कर उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की ।ईंट से हमला कर चोट पहुंचा दी ।

बीमारी से त्रस्त युवक ने की खुदकुशी

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत गांधी व्यायाम शाला में पथरी की बीमारी से त्रस्त युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक सोहेल खान 22 वर्ष निवासी गांधी व्यायाम शाला रांझी का पथरी की बीमारी से परेशान था। जिसने घर के कमरे में लगे झालर वाले हुक में चुनरी से फांसी लगा ली। मृतक के पिता मोहम्मद स्माईल 46 वर्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी, अन्य ट्रेनें हुईं प्रभावित

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर-प्रयागराज मेन लाइन के बासा पहाड़ रेलवे स्टेशन पर गत दिवस रविवार की देर शाम एक मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। पश्चिम मध्य रेल के सतना से मानिकपुर की ओर जा रही इस मालगाड़ी की कपलिंग अचानक टूट गई, जिससे ट्रेन के डिब्बे अलग होकर ट्रैक पर रुक गए।

इस घटना के कारण रेल मार्ग बाधित हो गया। ट्रैक जाम होने से सतना और प्रयागराज की ओर से आने वाली काशी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। कुछ ट्रेनों को बीच रास्ते में रोका गया, जबकि अन्य को नजदीकी स्टेशनों पर खड़ा करना पड़ा।

दो घंटे में क्लियर हुआ ट्रैक

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर प्रयागराज मेन लाइन पर दो भागों में बटी मालगाड़ी को जोड़ने में लगभग दो घंटे का समय लग गया यह हादसा रविवार शाम सात बजे के आसपास हुआ था। इस घटना के कारण मुंबई-हावड़ा मेल 12322 के यात्री सबसे अधिक प्रभावित हुए। घंटों तक ट्रेन में फंसे रहने के कारण उन्हें पानी, भोजन और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा।

गर्मी और उमस से परेशान होते रहे यात्री

बताया जाता है कि इस बीच ट्रेनों के आवागमन रुकने से और उमस के बीच छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं विशेष रूप से परेशान दिखे। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। तत्काल रेलकर्मी और तकनीकी टीम मौके पर भेजी गई। राहत और मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। टूटे डिब्बों की कपलिंग जोडने् और ट्रैक को साफ करने का प्रयास जारी था। प्राथमिक जांच में सामने आया कि मालगाड़ी की कपलिंग फेल होने के कारण ये हादसा हुआ है।

इनका कहना है

ट्रैक को दो घंटों के अंदर ही बहाल कर दिया गया था। मालगाड़ी की कपलिंग टूट जाने के कारण यह हादसा हुआ था।

हर्षित श्रीवास्तव
सीपीआरओ, पमरे

केके दुबे बने भाजपा के मंडल प्रभारी

नवभारत,सिहोरा। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक भाजपा संगठन को सशक्त व मजबूत बनाने की दिशा में मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

इसी क्रम में भाजपा सिहोरा ग्रामीण मंडल के प्रभारी पद पर गोसलपुर के निकटवर्ती ग्राम घुटना निवासी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष तथा वर्तमान में भाजपा स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक सरपंच संघ अध्यक्ष एवं भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले के.के दुबे को सिहोरा ग्रामीण मंडल को प्रभारी बनाया गया है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल सांसद आशीष दुबे विधायक संतोष वरकड़े की अनुशंसा एवं सहमति से हुई है।

इन्होंने जताया हर्ष

इनकी नियुक्ति पर जिला महामंत्री राजेश दाहिया,जिला उपाध्यक्ष अनुपम सराफ पुष्पराज बघेल पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोविंद राय मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता अंकित तिवारी,धर्मेंद्र सिंह हेमचंद असाटी आकाश जैन अनिल चौधरी ने बधाई प्रेषित की है।

हाजी मोहम्मद सलीम (बाबा) का इंतकाल

जबलपुर। राम नगर आधारताल निवासी हाजी मोहम्मद सलीम (बाबा) का इंतकाल हो गया है। वे मरहूम अब्दुल रहीम बाबा के बेटे हाजी मोहम्मद नसीम, मोहम्मद शकील (बबलू पहलवान), मोहम्मद रईस के बड़े भाई शमीम राजा, तथा समीर राजा के वालिद रहे। मय्यत आज मंगलवार को सुबह 11 बजे निज निवास से निकाली जाएगी नमाज़-ए-जनाज़ा मंडी मदार टेकरी जामा मस्जिद में अदा की जाएगी। सुपुर्द-ए-खाक मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में किया जाएगा।

राजेंद्र जैन का निधन

जबलपुर। ब्यौहारबाग निवासी राज्य अधिवक्ता परिषद मध्य प्रदेश के पूर्व सचिव एवं अधिवक्ता निशांत जैन के पिता श्री राजेंद्र जैन का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को ग्वारीघाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।

सुरेश कोरी का निधन

पनागर। प्रताप वार्ड निवासी सुरेश कोरी का 51 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप पूर्व पार्षद बद्री प्रसाद कोरी के छोटे भाई थे। जिनका अंतिम संस्कार प्रताप वार्ड स्थित बलेहा तालाब श्मशान घाट में किया गया।

मनु गौतम का निधन

पनागर। प्रताप वार्ड पनागर निवासी मनु गौतम का 31 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप अनिल गौतम के पुत्र थे। इनका अंतिम संस्कार 12 बजे निज निवास व्याह तालाब स्थित श्मशान घाट में किया गया।

अनदेखी | जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, रात में रहता है अंधेरा

सालों से हाईवे की आधी अधूरी जल रही स्ट्रीट लाइटें

नवभारत,सिहोरा। जबलपुर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर की दूरी पर बसे गोसलपुर ग्राम में बने जबलपुर रीवा हाईवे में स्थित बरनू तिराहा पेट्रोल पंप के पास से पुलिस थाना गोसलपुर तक हाईवे के दोनों तरफ एन.एच.ए.आई विभाग द्वारा सड़क निर्माण के बाद लोगों को रात्रि कालीन पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए स्ट्रीट लाइट के साथ डायवर्सन चौराहा में हाई मास्क लाइट लगाई गई थी जो की शुरुआती दौर में तो बढ़िया चलीं परंतु ठेका कंपनी की लापरवाही व वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह आधी अधूरी स्ट्रीट लाइट राहगीरों के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है आपको बता दें की पुलिस थाना गोसलपुर से बरनू तिराहा गोसलपुर तक लगभग ढाई से 3 किलोमीटर के हिस्से में लगी लगभग सैकड़ो स्ट्रीट लाइट सालो से बंद पड़ी है जिससे मुसाफिरो को रात्रि के समय में आवागमन में परेशानी होती है सबसे ज्यादा मुसीबत पैदल राहगीरों की होती है जिन्हें रात्रि कालीन के समय यात्रा करने में डर और भय सताता रहता है अनेकों बार रात्रि के घुप्प अंधेरे का फायदा उठाकर चोर उचक्कों द्वारा अनेक बारदातो को अंजाम दिया गया स्थानीय ग्रामीणों द्वारा स्ट्रीट लाइट को चालू कराने के लिए अनेको बार एन. एच ए. आई के हेल्पलाइन नंबर 1033 व प्रोजेक्ट डायरेक्टर को जनसेवा समिति के माध्यम से अनेकों बार मांग पत्र दिया गया।

बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों का शीघ्र हो सुधार

बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र सुधारा जावे परंतु कार्य प्रगति पर है ठेका कंपनी द्वारा मरम्मत करायी जारी है सिर्फ इतने आश्वासन से लोगों की इस मांग को टाल दिया जाता है गौरतलब है की जहां एक और सड़क निर्माण कंपनी को विभाग द्वारा यात्रियों को यह सब बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश हैं ठेका कंपनी को इस वास्ते भुगतान भी किए जाते हैं परंतु न जाने क्यों ठेकेदार द्वारा इन बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को सुधारा नहीं जा रहा है और जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी मौन होकरचुपचाप तमाशा देख रहे हैं।

इनका कहना है

हाल ही में नई एजेंसी को काम मिला है रिपेयरिंग का कार्य जारी है जो भी कमियां हैं उन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा एक से दो माह के अंदर पूरी स्ट्रीट लाइट बदल दी जावेगी

अमृत लाल साहू
प्रोजेक्ट डायरेक्टर
एनएचएआई, जबलपुर